1995-96 के दौरान कोयले की कीमतों में कब-कब और कितनी-कितनी वृद्धि हुई; और

(ग) उपरोक्त वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान कोल इंडिया लि० को अपने वार्षिक लाभांश के रूप में कितने प्रतिशत अतिरिक्त धनराशि प्राप्त हुई?

कोयला मंत्रालय की राज्य मंत्री (श्रीमती कान्ति सिंह): (क) और (ख) सभी ग्रेड के कोयले की औसत कीमतें, जिसमें वर्ष 1993-94 से कोल इंडिया लि० की खानों के उत्पादित नियंत्रित ग्रेड शामिल हैं और उक्त वर्ष से औसत प्रतिशत वृद्धि नीचे दी गई है:—

वर्ष	को०इं०लि० की औसत कीमत (रुपए प्रति टन)	प्रतिशत वृद्धि
1993-94 (19.6.93)	381.00	—
1994-95 (17.6.94)	401.00	5.25%
1.4.96	469.02	16.96%
20.10.1996	498.54	6.2%

(ग) वर्ष 1993-94 तथा 1994-95 में लाभांश के रूप में को०इं०लि० द्वारा कोई राशि प्राप्त नहीं की गई है। किन्तु, वर्ष 1995-96 में नार्दर्न कोलफील्ड्स लि०, साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लि० तथा महानदी कोलफील्ड्स लि० द्वारा क्रमशः 117.85 करोड़ रु०, 112.10 करोड़ रु० और 20 करोड़ रुपए की राशि का लाभांश घोषित किया गया है। किन्तु, इसे वर्ष 1996-97 में प्राप्त किया गया है।

भूमिगत खनन और सतही खानों में कोयले की उत्पादन-दर

1496. **श्री राम जेठमलानी:** क्या कोयला मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भूमिगत खनन और सतही खानों में कोयले की उत्पादन दर में भारी अन्तर पाया जाता है;

(ख) यदि हां, तो भूमिगत खनन और सतही खनन की प्रति व्यक्ति और प्रति पाली उत्पादन दर क्या-क्या है;

(ग) क्या यह उत्पादन दर विश्व में आस्ट्रेलिया, संयुक्त राज्य अमरीका जैसे अन्य देशों की उत्पादन दर की तुलना में बहुत कम है; और

(घ) यदि हां, तो इन देशों की प्रति व्यक्ति/प्रति पाली उत्पादन दर क्या-क्या है?

कोयला मंत्रालय की राज्य मंत्री (श्रीमती कान्ति सिंह): (क) और (ख) जी, हां। वर्ष 1995-96 हेतु कोल इंडिया (को०इं०लि०) तथा सिंगरेनी कोलियरीज़ कंपनी लि० (सि०को०सं०लि०) की भूमिगत तथा ओपनकास्ट खानों में प्रति व्यक्ति प्रतिपाली उत्पादकता के औसत आंकड़े नीचे दिए गए हैं:—

(टन में)

	भूमिगत	ओपनकास्ट
को०इं०लि०	0.56	4.73
सिं०को०कं०लि०	0.74	3.65

(ग) भारत में भूमिगत खानों की उत्पादकता, विश्व के अन्य मुख्य कोयला उत्पादक देशों, जैसे आस्ट्रेलिया तथा संयुक्त राज्य अमेरिका की तुलना में कम है, जिसका कारण, इन देशों की तुलना में भारतीय कोयला खानों में श्रमिकों के खनन क्रियाकलापों तथा यंत्रीकरण का निम्न स्तर है।

(घ) वर्ष 1992 के उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर, आस्ट्रेलिया तथा संयुक्त राज्य अमेरिका की भूमिगत तथा ओपनकास्ट खानों की प्रति व्यक्ति प्रतिपाली उत्पादकता नीचे दी गई है:—

(टन में)

	भूमिगत	ओपनकास्ट
आस्ट्रेलिया	15.60	34.68
संयुक्त राज्य अमेरिका	18.00	40.20